हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

14 स्वामी ध्यानानंद महाराज के महानिर्वाण दिवस पर श्रद्धालुओं...



14 शिकायतों की जांच में देरी न करें अधिकारी: रेणु डाबला



खबर संक्षेप

एसडीएम ने अनाज मंडी का किया निरीक्षण

रतिया। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने आज अनाज मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडी में चल रही धान खरीद प्रक्रिया, खरीद एजेंसियों की कार्यप्रणाली तथा खरीदे गए धान की लिफ्टिंग की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और खरीद एजेंसियों के प्रतिनिधियों से खरीद कार्य की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि मंडी में खरीदे जा चुके धान का उठान तेज गति से सुनिश्चित किया जाए, ताकि मंडी में फसल के ढेर अधिक समय तक जमा न रहें।

विकसित भारत विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन

फतेहाबाद। सीएमजी राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सांस्कृतिक समिति एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत मिशन विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण तथा तकनीकी उन्नति जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रस्तुत कर समाज को जागरूकता एवं सकारात्मक बदलाव का संदेश दिया।

रतिया प्रीमियर लीग-2 क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

रतिया। युवाओं को नशे की गर्त से निकालकर खेलों से जोडऩे के उद्देश्य से शहर में रतिया प्रीमियर लीग-2 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 10 अक्टूबर से किया जा रहा है। प्रतियोगिता को लेकर आयोजकों ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक सम्राट सागू और प्रवीण मराठा ने बताया कि प्रतियोगिता में क्षेत्र की कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस दौरान लगभग 130 खिलाड़ी मैदान पर चौके-छक्के लगाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। टूर्नामेंट का उद्घाटन 10 अक्टूबर शनिवार को नशा मुक्ति सेना प्रमुख भिवानी सिंह और अग्रवाल सभा के प्रधान प्रमोद बंसल द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।

जिन पूर्वजों की मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं, उनका भी कर सकेंगे श्राद्ध तर्पण, पिंडदान और दान-पुण्य से पितरों की शांति की कामना

आज सर्वपितृ अमावस्या पर पितरों की विदाई, 16 दिन के पितृ पक्ष का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

सर्वपितृ अमावस्या के साथ शनिवार, 10 अक्टूबर को 16 दिन से चल रहे पितृ पक्ष का समापन होगा। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, यह दिन उन सभी पूर्वजों के श्राद्ध और तर्पण के लिए विशेष महत्व रखता है, जिनकी मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं है। इसके अलावा, जो लोग पितृ पक्ष के दौरान निर्धारित तिथि पर अपने पूर्वजों का श्राद्ध नहीं कर पाए, वे भी इस दिन श्राद्ध कर्म कर सकते हैं। धार्मिक मान्यता है कि सर्वपितृ अमावस्या पर विधि-विधान से तर्पण, पिंडदान और दान-पुण्य करने से पितरों की शांति और सद्गति की कामना पूरी होती है।

पितृ पक्ष की अमावस्या पर श्राद्ध तर्पण दान पुण्य की परंपरा

श्री श्याम मंदिर के मुख्य पुजारी सोनू शर्मा ने बताया कि अमावस्या पूर्व रात्रि 9:35 बजे शुरू हो चुकी है जोकि आज 10 अक्टूबर की रात 9:19 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार शनिवार को श्राद्ध कर्म करना उचित माना गया है। इस दिन पितरों का स्मरण कर तर्पण और पिंडदान किया जाता है। इसके साथ ही जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र और अन्य सामग्री दान करने की परंपरा है। उन्होंने बताया कि पितृ पक्ष के अंतिम दिन परिवार के लोग अपने पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक याद करते हैं और उनसे परिवार पर आशीर्वाद बनाए रखने की प्रार्थना करते हैं। मान्यता के अनुसार, श्राद्ध कर्म के बाद दीपक जलाकर पितरों का स्मरण किया जाता है। इस दौरान पितृ पक्ष में अनजाने में हुई किसी भूल के लिए क्षमा भी मांगी जाती है। पवित्र नदियों में स्नान और सामथ्र्य के अनुसार दान-पुण्य करना भी शुभ माना जाता है।

श्राद्ध और तर्पण के तीन प्रमुख मुहूर्त

⏭कुतुप मुहूर्त: सुबह 11:34 से दोपहर 12:21 बजे तक।

⏭रौहिण मुहूर्त : दोपहर 12:21 से 1:07 बजे तक।

⏭अपराह्न काल: दोपहर 1:07 से 3:28 बजे तक।

जल में काले तिल मिलाकर तर्पण, पंचबलि की भी परंपरा



पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि सर्वपितृ अमावस्या पर सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण किए जाते हैं। इसके बाद पूर्वजों का स्मरण कर श्राद्ध का संकल्प लिया जाता है। धार्मिक परंपरा के अनुसार, जल में काले तिल मिलाकर दक्षिण दिशा की ओर मुख करके पितरों को तर्पण दिया जाता है। नदी या किसी पवित्र स्थान पर जाना संभव नहीं हो तो घर पर भी श्रद्धापूर्वक तर्पण किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस दिन चावल, जौ, काले तिल और दूध आदि से पिंड तैयार कर पितरों को अर्पित करने की परंपरा है। इसके अलावा पंचबलि का विधान भी बताया गया है।

सेवा संकल्प अभियान : ढेर में लगाया सेवा सेतु कैम्प

फतेहाबाद। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गांव ढेर में शुक्रवार को सेवा सेतु कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा स्टाल लगाकर ग्रामीणों को सरकार की ओर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सरकारी सेवाओं की जानकारी उपलब्ध करवाई गई। इस दौरान पात्र नागरिकों को संबंधित योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन प्रक्रिया के बारे में बताया गया तथा आवश्यक दस्तावेजों एवं अन्य औपचारिकताओं को पूरा करने में सहयोग एवं मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। कैम्प में परिवार पहचान पत्र, हरियाणा पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम, हरियाणा डेयरी विकास सहकारी, उद्यान विभाग, हरियाणा महिला विकास निगम, रोजगार विभाग, हरियाणा एग्रो कॉर्पोरेशन लिमिटेड, आयुष विभाग तथा सोलर सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए। इन स्टालों के माध्यम से विभागीय प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को संबंधित विभागों की योजनाओं, सेवाओं एवं पात्रता संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही, योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेजों तथा आवेदन करने की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से समझाया गया, ताकि पात्र नागरिक सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक कार्रवाई कर सकें।

सफाई और नमी के नाम पर धान के भाव में अंतर

धान मिलिंग के लिए 70 शेलरों से एग्रीमेंट, चुंगड़ियों की खरीद पर सवाल

- ट्रॉली खाली कर किसानों को हाथोंहाथ वापस भेजने की प्रक्रिया भी चर्चा में

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले की अनाज मंडियों में धान खरीद के बीच सरकारी खरीद व्यवस्था को गति देने के लिए 70 राइस शेलरों को मिलिंग का जिम्मा सौंपा गया है और इनके साथ एग्रीमेंट भी पूरे हो चुके हैं। वहीं, दूसरी ओर मंडियों में निजी खरीद की प्रक्रिया को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सफाई और नमी के नाम पर धान के भाव में अंतर रहने की चर्चाएं हैं। कुछ मामलों में किसानों की ट्रॉलियों को तुरंत खाली करवाकर हाथोंहाथ वापस भेजने की प्रक्रिया भी चर्चा का विषय बनी हुई है। ऐसे में सरकारी खरीद के साथ चुंगडिय़ों (परचून विक्रेता) द्वारा धान की खरीद और किसानों को मिल रहे भाव पर भी निगरानी जरूरी हो गई है। सरकारी खरीद के साथ मंडियों में चुंगडिय़ों की खरीद भी चर्चा में है। सफाई में कमी और नमी का हवाला देकर धान के भाव में अंतर रखे जाने की बातें सामने आ रही हैं। इससे किसानों को अपनी उपज बेचते समय अपेक्षित भाव नहीं मिलने की चिंता है। हालांकि, इस संबंध में सामने आ रही चर्चाओं और शिकायतों की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।



फतेहाबाद। मण्डी में लगी धान की ढेरियां। *फोटो: हरिभूमि*

एमएसपी 2461 रुपये, निगरानी की जरूरत

सरकारी खरीद रिपोर्ट में ग्रेड-ए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2461 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज है। ऐसे में किसानों को धान बेचते समय मिलने वाले भाव में अंतर की चर्चाएं महत्वपूर्ण हो जाती हैं। प्रशासन और मंडी अधिकारियों की निगरानी से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि गुणवत्ता के नाम पर किसी किसान के साथ मनमानी न हो और खरीद प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे। एक ओर 70 राइस शेलरों के साथ एग्रीमेंट पूरे होने से मिलिंग की व्यवस्था आगे बढ़ी है, वहीं दूसरी ओर सरकारी खरीद के बाद उठान में तेजी लाना और निजी खरीद को लेकर उठ रहे सवालों पर स्थिति स्पष्ट करना भी जरूरी है। इससे मंडियों में व्यवस्था बनाए रखने के साथ किसानों के हितों की रक्षा की जा सकेगी।

70 राइस शेलरों को मिलिंग का जिम्मा तीनों एजेंसियों के साथ एग्रीमेंट

जिले में धान की सरकारी खरीद खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड और हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के माध्यम से की जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार, तीनों एजेंसियों के लिए कुल 70 राइस मिल आवंटित किए गए हैं। इनमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के 33, हैफेड के 28 और हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के 9 राइस मिल शामिल हैं। इन मिलों में खरीदे गए धान की मिलिंग की जाएगी। मिलों के साथ एग्रीमेंट पूरे होने के बाद अब खरीद एजेंसियों और मिल संचालकों के बीच धान की मिलिंग की प्रक्रिया आगे बढऩे का रास्ता साफ हुआ है।

58 हजार मीट्रिक टन से अधिक आवक

जिले की मंडियों में 8 अक्टूबर तक 58,534.27 मीट्रिक टन धान की आवक दर्ज की गई है। सरकारी खरीद एजेंसियों ने इसमें से 12,648 मीट्रिक टन धान खरीदा है। एजेंसीवार आंकड़ों के अनुसार, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 4,595 मीट्रिक टन, हैफेड ने 3,267 मीट्रिक टन और हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन ने 4,786 मीट्रिक टन धान की खरीद की है।

मंडियों में 2530 मीट्रिक टन धान की हुई खरीद

सिरसा। जिला की विभिन्न मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 2530 मीट्रिक टन (एमटी) धान की खरीद चुका। कुल आवक में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 1653 एमटी, हैफेड द्वारा 744 एमटी तथा हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कारपोरेशन द्वारा 133 एमटी खरीद की गई है।

धान उठान से पहले और लोडिंग के बाद ट्रक का वजन नोट करें आढ़ती

फतेहाबाद। व्यापार मंडल अनाज मंडी फतेहाबाद ने सरकारी धान की खरीद और उठान के दौरान आढ़तियों व मुनीमों को वजन और धान की सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। सूचना में बताया कि सरकारी खरीद एजेंसियों का धान उठाने के लिए आने वाले प्रत्येक ट्रक का खाली वजन पहले नोट किया जाए।

किसानों ने रतिया मंडी में दिया धरना

2461 की जगह 1900 से 2200 रुपये में खरीदा जा रहा धान



रतिया। मार्किट कमेटी कार्यालय के बाहर धरना देते किसान। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

जिले की रतिया अनाज मंडी में धान की खरीद निर्धारित एमएसपी से कम दामों पर किए जाने, उठान में देरी और डीएपी खाद की कथित कालाबाजारी के विरोध में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ ने कड़ा रुख अपनाया। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजविंदर चहल की अध्यक्षता में किसानों ने रतिया मार्केट कमेटी कार्यालय के सामने धरना देकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाद में मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार बलवान सिंह के आश्वासन के बाद किसानों ने धरना समाप्त किया। धरने को संबोधित करते हुए बीकेयू के प्रदेश अध्यक्ष राजविंदर चहल ने गंभीर आरोप लगाए कि परमल धान का सरकारी एमएसपी 2461 रुपये प्रति क्विंटल तय है, लेकिन मंडी में किसानों की फसल 1900 से 2200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मार्केट कमेटी के कुछ अधिकारियों और शेलर संचालकों की मिलीभगत के कारण किसानों को आर्थिक चपत लगाई जा रही है। प्रदेश प्रवक्ता राम जाट ने कहा कि फसल तैयार करने में खून-पसीना बहाने वाले किसानों को मंडी में औने-पौने दामों पर उपज बेचने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने खरीद प्रक्रिया में जारी अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। धरने में किसान नेता सतनाम लांबा, बेगराज और बंसी सिहाग ने डीएपी खाद की किल्लत और कालाबाजारी का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि गेहूं की बिजाई का सीजन सिर पर है, ऐसे में किसानों को समय पर खाद नहीं मिली तो बिजाई प्रभावित होगी।

मंडी में नियमानुसार खरीद जारी

मार्केट कमेटी के सचिव ओम प्रकाश चहल ने किसानों द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि मंडी में नियमानुसार खरीद जारी है। उन्होंने कहा कि यदि किसी किसान को कोई विशिष्ट समस्या है, तो वह सीधे अधिकारियों से संपर्क कर सकता है। नियमों का उल्लंघन किसी भी सूरत में नहीं होने दिया जाएगा।

नानूआना चोरी मामले में महिला आरोपी गिरफ्तार

सिरसा। जिले के गांव नानूआना में बंद पड़े मकान का ताला तोडक़र सोने के आभूषण, नकदी और विदेशी मुद्रा चोरी करने के मामले में पुलिस ने महिला आरोपी को पंजाब के पटियाला शहर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी महिला को अदालत में पेश कर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस के अनुसार गांव नानूआना निवासी गगनदीप सिंह ने शिकायत में बताया कि 15 मार्च 2026 की सुबह वह अपने घर पर ताला लगाकर बाहर गए थे। दोपहर करीब दो बजे वापस लौटे तो मकान के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारियों के ताले भी टूटे हुए थे और घर का सामान बिखरा पड़ा था।

एबीवीपी ने फूंका कुलपति का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का धरना शुक्रवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने रोष जताते हुए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. विजय कुमार का पुतला फूंका। प्रदर्शनकारियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ रोष जताते हुए पेयजल, छात्रावास, मेस, परीक्षा परिणाम, फीस वृद्धि और अन्य छात्रहित से जुड़े मुद्दों का शीघ्र समाधान करने की मांग उठाई। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। परिसर में वाटर कूलर व्यवस्था खराब होने और स्वच्छ पेयजल की समस्या के कारण विद्यार्थियों को परेशानी होती है। छात्रावासों में खराब पड़ी वाशिंग मशीनों को ठीक करवाने अथवा जरूरत के अनुसार नई मशीनें उपलब्ध करवाने की मांग भी उठाई गई।



सिरसा। सीडीएलयू गेट पर कुलपति का पुतला फूंकते विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

मंदिर से घंटी, त्रिशूल और तांबे का नाग चोरी करने वाले काबू

भट्टूकलां। भट्टूकलां के मॉडल टाउन स्थित आचार्य महाप्रज्ञ पार्क के शिव मंदिर से पूजा-सामग्री चोरी होने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मंदिर से चोरी की गई पीतल की घंटी, तांबे का नाग, त्रिशूल और 600 रुपये की नकदी बरामद कर ली है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को पुलिस ने अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में हिसार जेल भेज दिया गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अजय पुत्र मैनपाल निवासी किरढान तथा राजू पुत्र रामस्वरुप निवासी ढाणी संचला के रूप में हुई है। थाना भट्टू कलां प्रभारी निरीक्षक वीरसिंह ने बताया कि माचरा मंडी निवासी आशीष ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, मॉडल टाउन स्थित आचार्य महाप्रज्ञ पार्क में बने शिव मंदिर में 5 अक्टूबर की सुबह पीतल की घंटी, त्रिशूल, तांबे का नाग तथा अन्य सामान गायब मिला।



गुरुद्वारा श्री जीवननगर में अस्सू के मेले का शुभारंभ आसा दी वार के पाठ हुआ

रानियां। गुरुद्वारा श्री जीवननगर में शुक्रवार को नामधारी संगत द्वारा 40 दिवसीय जप प्रयोग का समापन किया गया। इस के उपरांत आध्यात्मिक रंगों से सराबोर अस्सू मेले का शुभारंभ आसा दी वार के पाठ से हुआ। सतगुरू दलीप सिंह ने ऑडियो संदेश के माध्यम से संगत को गुरुवाणी अनुसार नाम जपने, गुरू चरणों में जुडक़र उनके शुभ उपदेशों को अपने जीवन में अपनाने तथा अपने भीतर से बुरी आदतों का त्याग कर के सुखी जीवन व्यतीत करने की शिक्षा दी। यहां माता गुरमीत कौर ने भी दर्शन दिए। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद एवं आम आदमी पार्टी, हरियाणा के अध्यक्ष सुशील गुप्ता, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य हरपिंद्र सिंह हैप्पी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तिय विशेष रूप से संगत के दर्शन करने आए। अस्सू का मेला तीन दिनों तक चलेगा। इस दौरान सुबह आसा दी वार से कार्यक्रमों की शुरूआत होगी तथा पूरे दिन कथा कीर्तन, कवि दरबार तथा गुरुवाणी के पाठों का प्रवाह जारी रहेगा। इस मेले का आयोजन प्रधान जसपाल सिंह, मास्टर इकबाल सिंह, मास्टर सुखदेव सिंह सहित अन्य प्रबंधक, संगत के सहयोग से किया जा रहा है।

दो तस्कर 10 किलो 350 ग्राम डोडापोस्त सहित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट सिरसा ने गश्त के दौरान डबवाली-मलोट रोड पर फ्लाईओवर के नीचे दो नशा तस्करों को 10 किलो 350 ग्राम डोडापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। यूनिट इंचार्ज एसआई बनवारी लाल ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान बठिंडा चौक से फ्लाईओवर की तरफ जा रही थी। रेलवे लाइन की दीवार के कट से दो व्यक्ति एक प्लास्टिक का कट्टा पकड़े निकलते दिखे, जो सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर तुरंत फ्लाईओवर के पिलर के पास छिपकर खड़े हो गए। पुलिस टीम ने शक के आधार पर साथी कर्मचारियों की मदद से दोनों को कट्टे सहित काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से 10 किलो 350 ग्राम डोडापोस्त बरामद हुआ। आरोपियों की पहचन गुरसेवक सिंह पुत्र राज सिंह व गुरपाल सिंह पुत्र गुरदिता सिंह निवासी कोटसमीर, थाना सदर बठिंडा पंजाब के रुप में हुई है।



डोडापोस्त के साथ पकड़े गए आरोपी।

हेरोइन सहित दो युवक गिरफ्तार

सिरसा। पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान दो युवकों को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम थेहड़ मोहल्ला की तरफ जा रही थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी जब थेहड़ मोहल्ला के नजदीक पंहची तो सामने से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखते ही अचानक वापस मुडक़र भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने शक के आधार पर युवक को काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 9 ग्राम 30 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान शुभम के रूप में हुई है। इसके अलावा रोड़ी थाना पुलिस ने गश्त के दौरान अनाज मंडी रोड़ी से एक युवक को 7 ग्राम 3 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है।

जहरीला स्टॉक सल्फास, कीटनाशक और हजारों बीजों के पैकेट खुले में फेंके मिले

कृषि विभाग ने शुरू की जांच, गड्ढा खुदवाकर करवाई डंप

नहर किनारे मिलीं एक्सपायरी कृषि दवाइयां और जहरीले रसायन

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

शहर के भूना रोड स्थित नहर के किनारे बड़ी मात्रा में एक्सपायरी कृषि दवाइयां, जहरीले कीटनाशक और रसायन लगे बीजों के पैकेट खुले में फेंके मिलने से क्षेत्र में हडक़ंप मच गया। मौके पर सल्फास, चूहे मारने की दवा, पेस्टिसाइड और मक्का, ज्वार, जौ, सरसों, बाजरा व ग्वार जैसी कई फसलों के हजारों बीजों के पैकेट बिखरे मिले। सूचना मिलते ही कृषि विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। अधिकारियों ने दवाइयों के बैच नंबर नोट किए, जिसके बाद एसडीएम के निर्देश पर जेसीबी से गहरा गड्ढा खुदवाकर एक्सपायरी सामग्री को सुरक्षित रूप से डंप करवाया गया। वहीं, खुले में केमिकल फेंकने वाले दोषियों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।



रतिया। नहर किनारे मिली एक्सपायरी कृषि दवाइयों को गहरा गड्ढा खुदवाकर डंप करवाते अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

नहर का पानी दूषित होने का खतरा

मौके पर मिले स्टॉक में कुछ दवाइयां एक्सपायर हो चुकी थीं, जबकि कुछ की समय सीमा अभी बाकी थी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि बारिश या हवा के कारण यह जहरीला रसायन नहर के पानी में मिल जाता, तो बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना मिलते ही खंड कृषि अधिकारी संदीप टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लेते हुए फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी करवाई। मामले की सूचना कृषि विभाग के उपनिदेशक, निदेशक, एसडीएम, पुलिस व सिंचाई विभाग सहित संबंधित कंपनियों को दे दी गई है। खंड कृषि अधिकारी संदीप ने आमजन और किसानों से अपील की है कि मौके से उठाई गई किसी भी दवा या बीज का इस्तेमाल बिल्कुल न करें। इनमें जानलेवा जहर और घातक रसायन हो सकते हैं।



दुनियाभर में दृश्यम 3 का दबदबा 350 करोड़ पार हुई कमाई

मुंबई। अजय देवगन की फिल्म 'दृश्यम 3' ने बॉक्स ऑफिस पर एक हफ्ता पूरा कर लिया है। इसके बावजूद यह फिल्म अच्छी कमाई कर रही है। अजय देवगन की फिल्म 'दृश्यम 3' ने बॉक्स ऑफिस पर धुंआधार शुरुआत की थी। अब फिल्म को रिलीज हुए एक हफ्ता हो गया है। इतने दिनों बाद भी फिल्म का जलवा बरकरार है। सातवें दिन फिल्म ने 13 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 245.50 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, फिल्म का टोटल ग्रॉस कलेक्शन 294.60 करोड़ रुपए हो गया है। दुनियाभर में इस फिल्म ने 383.60 करोड़ रुपएका कलेक्शन किया है। 'दृश्यम 3' के सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद 'हनुमान अंश' की कमाई में भारी गिरावट देखने को मिली है। 'हनुमान अंश' को रिलीज हुए 2 महीने से भी ज्यादा का समय हो चुका है। शायद यही वजह है कि इसकी कमाई अब काफी घट गई है। फिल्म अब लाखों में कमाई कर रही है।

लाइफ Style

कटरीना

खुद को स्वीकार करने से आता है आत्मविश्वास

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कटरीना कैफ ने प्रेग्नेंसी के बाद बढ़े वजन को लेकर निशाना बनाए जाने के बाद सोशल मीडिया के बारे में बात की है। उन्होंने बताया है कि अगर आप लोगों की बातों पर ज्यादा ध्यान देते हैं तो क्या नुकसान हो सकता है। अभिनेत्री कटरीना कैफ ने हाल ही में सोशल मीडिया पर मिलने वाली प्रतिक्रिया से अपने आपको बचाने के बारे में बात की है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आत्मविश्वास खुद को स्वीकार करने से आता है, न कि हर किसी को खुश करने की कोशिश करने से।

अभिनेत्री ने बताया कि कैसे आलोचना पर ज्यादा ध्यान देने से आप जिंदगी में आगे बढ़ने से रुक सकते हैं। यूके में अपने कॉस्मेटिक ब्रांड की पहली सालगिरह के मौके पर हुए एक इवेंट के दौरान, कटरीना ने कहा 'हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि सोशल मीडिया पर चल रही बातें हमारे आत्म-मूल्य को प्रभावित न करें। वहां बहुत सारी राय होती हैं। अगर आप उन सभी के अनुसार चलने लगते हैं, तो आप खुद फैसले नहीं ले पाएंगे।' अभिनेत्री ने कहा कि दूसरों की बातों पर प्रतिक्रिया देने से व्यक्ति को आगे बढ़ने में दिक्कत हो सकती है। उन्होंने कहा, 'ऐसे समय भी होते हैं जब दुनिया आपकी तारीफ करती है, दूसरे समय में आपको वास्तव में खुद का सबसे बड़ा चीयरलीडर बनना पड़ता है।' कटरीना ने जिंदगी के कई चरणों को स्वीकार करने के सलाह दी। उन्होंने माना कि आत्मविश्वास और खुद के बारे में सोच हमेशा एक जैसी नहीं रहती। कई बार लोग खुद को सबसे अच्छा महसूस करते हैं, जबकि दूसरे समय में, उन्हें खुद के बारे में अच्छा महसूस करने में संघर्ष करना पड़ सकता है। अभिनेत्री ने यह बातें उस मामले के बाद कहीं, जब वह हाल ही में अंबानी परिवार के गणेश चतुर्थी सेलिब्रेशन में पति विक्की कौशल के साथ नजर आईं थीं। उनका एक वीडियो वायरल हुआ था।



हॉलीवुड मसाला



मार्वल ने जारी किया नई सीरीज का लोगो

लॉस एंजिल्स। मार्वल ने 'जोडियाक' नाम की एक नई लाइव-एक्शन सीरीज का ऐलान किया है। इसे 2028 में डिज्नी प्लसपर दिखाया जाएगा। इसका प्रोडक्शन 2027 में लंदन में शुरू होना है। कास्टिंग कुछ हफ्तों में शुरू होने की उम्मीद है। मार्वल ने कहानी और कलाकारों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है। मार्वल टेलीविजन और मार्वल एनिमेशन के न्यूयॉर्क कॉमिक कॉन पैनल ने कन्फर्म किया कि 'जोडियाक' एक स्पाई थ्रिलर होगी। मेकर्स ने इसे एक नई ग्लोबल जासूसी सीरीज बताया है। उन्होंने दर्शकों को बताया, 'जो लोग कॉमिक्स के बारे में जानते हैं, अगर वे इस टाइटल डिजाइन को ध्यान से देखें, तो उन्हें कुछ सुराग मिलेंगे कि हम किस दिशा में जा रहे हैं।' मार्वल टेलीविजन के चीफ ब्रैड विंडरबाम बताया कि प्रोडक्शन 2027 में लंदन में होगा।



सबसे ज्यादा फिल्में करने का रिकॉर्ड टॉम के नाम

लॉस एंजिल्स। सबसे ज्यादा फिल्में करने के रिकॉर्ड्स पर आंकड़े कई तरह के हैं। कोई कुछ कहता है तो कोई कुछ। लेकिन, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और फिल्म फैक्ट्स की मानें तो सबसे ज्यादा फिल्में करने का रिकॉर्ड हॉलीवुड एक्टर टॉम लंदन के नाम है। उन्होंने अपने करियर में कुल 2000 से ज्यादा फिल्में की हैं। इसकी शुरुआत साल 1903 की लघु फिल्म द ग्रेट ट्रेन रॉबरी से हुई थी। वहीं, दूसरी तरफ वे बी-वेस्टर्न फिल्मों में ज्यादा नजर आए। ये 1930-50 के दशक में ऐसी फिल्में होती थीं, जो कम बजट में बनती थी और छोटी होती थीं। टॉम ने ऐसी कई सारी फिल्में कीं। वहीं, वे सहायक और विलेन की भूमिकाओं में ज्यादा नजर आए। एरिक रॉबर्ट्स की बात करें तो उनका नाम इस लिस्ट में चौथे नंबर पर आता है। एरिक ने कई फिल्मों में काम किया है और वे अभी भी सिनेमा की दुनिया में सक्रिय हैं। उन्होंने 1978 में किंग ऑफ द जिप्सीज से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। वहीं, इसके बाद से वे बेस्ट ऑफ द बेस्ट, द डार्क नाइट, द स्पेशलिस्ट, स्टार 80, द एक्सपेंडेबल्स, द एंबुलेंस, द परफेक्ट समर और स्टैंड योर ग्राउंड जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं।



इश्क, दर्द और एक्शन से भरपूर है गुरमीत-ईशा की फिल्म

मुंबई। गुरमीत चौधरी जल्द ही फिल्म 'तुम मेरे हो' में ईशा मालवीय के साथ नजर आएंगे। आशीष पांडा द्वारा निर्देशित इस फिल्म का ट्रेलर मेकर्स ने शुक्रवार को जारी कर दिया है। फिल्म का निर्देशन आशीष पांडा ने किया है। फिल्म 'तुम मेरे हो' 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म 'तुम मेरे हो' के साथ एक्ट्रेस ईशा बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रही हैं। वहीं, गुरमीत इस फिल्म के जरिए पहली बार बतौर निर्माता भी अपनी नई पारी शुरू कर रहे हैं। दोनों एक्टर्स फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगे। इससे पहले गुरमीत और ईशा कई टीवी शोज का हिस्सा रह चुके हैं। फिल्म के ट्रेलर में रोमांस, इमोशन और एक्शन की झलक देखने को मिल रही है। ट्रेलर की शुरुआत में खूबसूरत लव स्टोरी शुरू होती दिखती है, लेकन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है। उसके बाद कई मोड़ देखने को मिलते हैं, जिसमें हार्ट-ब्रेक और एक्शन से भरे सीन्स नजर आते हैं।



सिरकटा के बाद नए भूत से होगा 'विक्की' का सामना!

मुंबई। सितारों के साथ चलने वाली लंबी-चौड़ी टीम को लेकर अक्सर सवाल उठते रहते हैं। हालांकि, कुछ कलाकार हैं जो अपनी टीम का खर्च निर्माताओं पर नहीं थोपते हैं। उनमें अभिनेता राजकुमार राव भी हैं। उनके साथ केवल चार लोग ही होते हैं, वह खुद निर्माता भी हैं तो खुद को निर्माता का एक्टर भी मानते हैं। अपनी फ्रेंचाइज फिल्म स्त्री 3 को लेकर राजकुमार ने कहा कि बिल्कुल वह आ रही है। अगले साल शूट शुरू करने की योजना है। कहानी पर काम चल रहा है। ऐसा नहीं है कि लाने के लिए बस फिल्म लेकर आ रहे हैं। राजकुमार राव कहते हैं, मुझे कभी अपनी टीम छोटी करनी ही नहीं पड़ी। मेरे साथ चार लोग ही रहते हैं, जिनमें मेकअप और हेयर के लिए दो लोग, एक असिस्टेंट और एक सिक्योरिटी से होते हैं। पांच साल से यही है। मुझे लगता है कि कलाकार को निर्माता का एक्टर होना चाहिए। किसी चीज को लेकर जबरदस्ती नहीं करनी चाहिए।

टीवी मसाला



नाना को याद कर भावुक हुए अमिताभ साझा किया केबीसी का वीडियो

नई दिल्ली। नाना पाटेकर के निधन पर सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने दुख का इजहार किया है। उन्होंने उनके साहस की तारीफ की है। इसके अलावा उन्होंने उनके कामों के बारे में बताया है। अमिताभ ने भारतीय सिनेमा और समाज में उनके बेमिसाल योगदान को याद किया है। अमिताभ बच्चन ने एक ट्वीट शेयर किया है। इसमें उन्होंने 'कौन बनेगा करोड़पति' का वीडियो शेयर किया है। उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा 'स्तब्ध! हर दूरे दिन उनका और हमारा संपर्क मैसेज द्वारा रहता था। आज उनका मैसेज नहीं आया!' इस वीडियो में बोलते हुए, अमिताभ बच्चन ने पाटेकर को एक असाधारण कलाकार, दोस्त, शुभचिंतक और बेहतरीन समाज सेवक बताया, जिन्होंने उन्हें जानने वाले हर व्यक्ति पर गहरा प्रभाव डाला। उन्होंने कहा, 'उनकी बेबाकी, सादगी और सच बोलने की हिम्मत उन्हें दूसरों से अलग बनाती थी। कुछ लोग हमारी जिंदगी से चले जाते हैं, मगर उनकी आवाज, समाज सेवा और उन्होंने जो सीख दी, वह हमारे भीतर बनी रहती है।' नाना के साथ बिताए पलों को याद करते हुए, बच्चन ने पाटेकर के समर्पित समाज सेवा कार्यों, खासकर महाराष्ट्र के सूखा प्रभावित गांवों में किसानों से से जुड़ने और उनकी मदद करने के काम का जिक्र किया। बच्चन ने आगे कहा, 'उनकी बातों ने न केवल हमें प्रभावित किया, बल्कि उन्होंने जो पैसा कमाया, उसे नेक कामों में लगाया, जो समाज सेवा की उनकी झलक है।' नाना पाटेकर हाल ही में फिल्म 'वनवास' के प्रमोशन के लिए केबीसी के सेट पर पहुंचे थे। उनके साथ फिल्म के दूसरे कलाकार भी थे।

ओटीटी पर धमाका करने आ रही नई सीरीज

नई दिल्ली। चार यारों के साथ अब ओटीटी पर मस्ती दोगुनी होने वाली है। हाल ही में एक नई सीरीज की अनाउंसमेंट हुई है, जो कॉमेडी और उथल-पुथल से भरी होगी। इसमें एक्टर और यूट्यूबर पुरव झा भी मुख्य भूमिका में हैं। यह सीरीज 'चार यार' है। विनय वाइकुल ने सीरीज को डायरेक्ट किया है, जबकि संबित मिश्रा और सौरभ सावंत ने इसे लिखा है। शुक्रवार को सीरीज का ऐलान किया गया है। 'चार यार' का पहला पोस्टर आउट हो गया है। यह 8 एपिसोड की सीरीज 23 अक्टूबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। प्राइम वीडियो पर आ रही 'चार यार' सीरीज में पूरव झा, नमन जैन, साकिब अय्यूब और प्रयाक मेहता लीड रोल्स में हैं, वहीं सई ताम्हणकर, सिकंदर खेर, दिब्येंदु भट्टाचार्य, राजेश तैलंग, चंकी पांडे और भगवती पेरुमल भी अहम भूमिकाओं में हैं। सीरीज की कहानी चार दोस्तों के इर्द गिर्द घूमती है, जो 2000 के शुरुआती वक्त पर सेट है।



अपनी 'गर्ल गैंग' संग वेकेशन पर निकलीं आलिया, शेयर की खूबसूरत तस्वीरें

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट इन दिनों अपने काम से ब्रेक लेकर खास दोस्तों के साथ एक शानदार वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। हाल ही में आलिया ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से इस वेकेशन की कई खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में आलिया अपनी गर्ल-गैंग के साथ मस्ती भरे अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं। कहीं वो दोस्तों के साथ कार में हंसते-खिलखिलाते सेल्फी ले रही हैं, तो कहीं किसी खूबसूरत लोकेशन पर रेड ड्रेस में अपना एलिगेंट लुक फ्लॉन्ट करती दिखीं। तस्वीरों में उनकी दोस्तों के साथ खास बॉन्डिंग और वेकेशन वाइब साफतौर पर दिख रही है। तस्वीरों से भी ज्यादा चर्चा आलिया के दिए कैप्शन की हो रही है। उन्होंने अपनी इस पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- जी ले जरा कैप्शन में लिखे इस फ्रेज को देखते ही फैन्स और नेटिजन्स काफी एक्साइटेड हो गए हैं।



दोस्तों के साथ 'जी ले जरा'

दरअसल, फरहान अख्तर की फिल्म 'जी ले जरा' में आलिया भट्ट, प्रियंका चोपड़ा और कैटरीना कैफ के एक साथ दिखने की खबरें थीं। ऐसे में आलिया का दोस्तों के साथ 'गर्ल्स ट्रिप' की तस्वीरों पर यह कैप्शन देना फैन्स के बीच एक्साइटमेंट लेवल को बढ़ा रहा है। सोशल मीडिया पर आलिया की ये तस्वीरें आते ही वायरल हो गई हैं और उनके फैन्स कमेंट सेक्शन में उनके लुक और उनकी गर्लगैंग की बॉन्डिंग की जमकर तारीफ कर रहे हैं। हालांकि, यहां न तो रणबीर कपूर नजर आए और न ही उनकी बेटी राहा।

कैकेयी और मंथरा की झलक आई सामने, लारा-शीबा के चेहरे पर दिखा दंभ

नई दिल्ली। रामायण के मेकर्स नमित मल्होत्रा ने फिल्म से रानी कैकेयी के रूप में लारा दत्ता, और मंथरा के रूप में शीबा चड्ढा के कैरेक्टर पोस्टर्स से पर्दा उठा दिया है। यह पोस्टर महाकाव्य के दो अहम किरदारों को सामने लाते हुए उन घटनाओं की तरफ इशारा करता है कि कैसे ये भगवान राम का भाग्य हमेशा के लिए बदल देंगी। रामायण के मेकर्स ने फिल्म के दो बेहद अहम किरदारों के दो नए कैरेक्टर पोस्टर्स को रिलीज कर दिया है। बता दें कि यह रानी कैकेयी के रूप में लारा दत्ता और मंथरा के रूप में शीबा चड्ढा के कैरेक्टर पोस्टर्स हैं, जिसमें दर्शक इस महाकाव्य के दो बहुत ही खास किरदारों से रूबरू हो पा रहे हैं। पोस्टर्स ने कहानी के टर्निंग प्वाइंट की ओर इशारा किया है। रानी कैकेयी की दो इच्छाएं जो राजा दशरथ और उनके बेटे भगवान राम के लिए सब कुछ बदल देती हैं, वहीं रानी के इस कदम के पीछे मौजूद मंथरा की बातें होती हैं, जो ऐसी घटनाओं का सिलसिला शुरू करती है, जिससे पूरे राज्य का भविष्य बदल जाता है। यह दोनों नए पोस्टर्स अरुण गोविल के राजा दशरथ के रूप में जारी किए गए पोस्टर के बाद सामने आए हैं।



शानदार पारंपरिक पोशाक

अरुण गोविल जिन्होंने कई पीढ़ियों के दिलों में भगवान राम के रूप में टीवी पर अपनी पहचान बनाई, वह अब अयोध्या के राजा दशरथ के रूप में रामायम की दुनिया के जरिए लौट रहे हैं। पोस्टर में शाही अंदाज में लारा दत्ता के कैकेयी अवतार को पेश किया गया है, जिसमें शानदार पारंपरिक पोशाक और गहनों में वह अयोध्या की रानी के तौर पर नजर आ रही हैं। वहीं, शीबा चड्ढा का मंथरा के किरदार में लुक बेहद अलग है, जिसमें वे अपने हाथों में अपनी कुछ चीजें पकड़ी हुईं नजर आ रही हैं। मेकर्स ने पोस्टर्स को शेयर करते हुए लिखा, 'एक रानी। एक मां। पिता के प्यार को धोखा देने वाली दो इच्छाएं, जो राम के भाग्य को हमेशा के लिए बदल देंगी। एक भरोसेमंद साथी। एक शातिर दिमाग, जिसकी फुसफुसाहट एक मां के प्यार को पूरे राज्य के सबसे काले दौर में बदल देगी।

हॉरर-कॉमेडी, बायोपिक, क्राइम थ्रिलर और रोमांटिक कॉमेडी देखने को मिलेंगी

जिंदगी का सफर थमा, मगर पर्दे पर आने बाकी हैं नाना के पांच किरदार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर ने दुनिया से अलविदा कह दिया, लेकिन जाने के बाद भी वह अपने अभिनय का जादू दिखाएंगे। दरअसल, नाना की पांच फिल्में रिलीज होना अभी बाकी है। इन फिल्मों में हॉरर-कॉमेडी, बायोपिक, क्राइम थ्रिलर और रोमांटिक कॉमेडी जैसी अलग-अलग कहानियां दर्शकों को देखने को मिलेंगी।

शक्ति शालिनी

नाना पाटेकर की आने वाली फिल्मों में 'शक्ति शालिनी' को उनकी आखिरी बड़ी पर्दे की फिल्म माना जा रहा है। आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बन रही यह फिल्म मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है। फिल्म में मैडॉक फिल्म्स और विशाल जेठवा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी शक्ति नाम की एक आम महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जो शालिनी नाम की बदला लेने वाली आत्मा की रक्षक बन जाती है। नाना के किरदार के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में उनके किरदार को एक तांत्रिक बताया गया है। फिल्म पहले 24 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज की तारीख में बदलाव हो सकता है।



वेदांता

नाना पाटेकर की पांचवीं आने वाली फिल्म 'वेदांता' है। राजेश्वर पांडे राज के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में नाना के साथ विक्रांत मैसी, संदीप धर और मुकेश तिवारी भी नजर आएंगे। फिल्म की कहानी, नाना के किरदार और इसकी रिलीज की तारीख के बारे में फिलहाल ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है। उनकी बाकी आने वाली फिल्मों के मुकाबले इस प्रोजेक्ट के बारे में अब तक कम जानकारी सामने आई है।

ईठा

लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बन रही 'ईठा' महाराष्ट्र की मशहूर लोक कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर के जीवन से प्रेरित है। विठाबाई तमाशा और लावणी जैसी लोक कलाओं से जुड़ी एक प्रसिद्ध कलाकार थीं। फिल्म में श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका निभा रही हैं। उनके साथ रणदीप हुड्डा, अनंत जोशी और नाना पाटेकर भी नजर आएंगे। फिल्म 4 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

द कन्फेशन ऑफ मैरी

'द कन्फेशन ऑफ मैरी' एक क्राइम ड्रामा फिल्म है, जिसमें नाना फादर बेनेडिक्ट नाम के एक कैथोलिक पादरी का किरदार निभा रहे हैं। उन पर एक महिला की हत्या का आरोप लगता है। फिल्म का निर्देशन अनंत नारायण महादेवन ने किया है। यह फिल्म केरल में 1966 में हुए मदथारुवी हत्याकांड से प्रेरित है। इस मामले में मरियाकुट्टी नाम की महिला की हत्या हुई थी और एक पादरी पर आरोप लगे थे। फिल्म में नाना पाटेकर के अलावा आदिल हुसैन, आशीष विद्यार्थी, गौतम रोड़े और नेहा महाजन समेत कई कलाकार नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीनिंग के लिए चुना गया था। फिल्म के सह-निर्माता सुभाष काले ने यह भी बताया था कि नाना ने अपनी मौत से कुछ समय पहले एक लाइन की डबिंग करने के लिए मुंबई लौटने वाले थे।

कुकू की कुंडली

नाना पाटेकर की आने वाली फिल्मों में रोमांटिक कॉमेडी 'कुकू की कुंडली' भी शामिल है। शरण शर्मा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में भुवन बाम और वामिका गब्बी मुख्य भूमिकाओं में हैं। नाना पाटेकर भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की कहानी एक ऐसे रिश्ते पर आधारित है, जिसमें कुंडली की वजह से परेशानियां खड़ी हो जाती हैं। कुंडली को लेकर पैदा हुए मतभेदों का असर कपल और उनके परिवारों पर पड़ता है।

खबर संक्षेप

आदर्श भारती स्कूल : खेलों में विद्यार्थियों ने भाग लिया

भूना। आदर्श भारती इंटरनेशनल स्कूल में स्पोर्ट्स मीट के तहत कक्षा पांचवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में करीब 200 विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध निदेशक सुभाष बिश्नोई और स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेश खीचड़ ने संयुक्त रूप से किया। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण धारणिया ने बताया कि स्कूल में सितंबर माह से स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने और उनमें खेल भावना विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गईं।

फसल अवशेष प्रबंधन की जानकारी दी

फतेहाबाद। कृषि विकास अधिकारी डॉ. अमित कुमार ने शुक्रवार को गांव खारा खेड़ी में किसानों से पराली न जलाने की अपील की। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से न केवल मिट्टी की उर्वरता कम होती है, बल्कि वायु प्रदूषण बढने से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन की वैज्ञानिक विधियों के बारे मे जानकारी दी और बताया कि सरकार द्वारा पराली का वैज्ञानिक प्रबंधन करने वाले किसानों को 1200 रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने किसानों से कहा कि वे पराली प्रबंधन मशीनों जैसे सुपरसीडर, हैप्पी सीडर आदि का उपयोग कर मिट्टी की सेहत को सुधार सकते हैं।

हेरोइन बरामदगी मामले में महिला आरोपी काबू

फतेहाबाद। थाना सदर टोहाना पुलिस ने 8.73 ग्राम हेरोइन बरामदगी के मामले में मुख्य महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ी गई महिला आरोपी की पहचान पूजा पत्नी सुशील कुमार निवासी करतारपुरा इंद्रा कालोनी, रोहतक के रूप में हुई है। महिला अब चमेला कालोनी, नरवाना में रहती है। पुलिस ने महिला आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक साधुराम ने बताया कि 16 अगस्त को सीआईए टोहाना की पुलिस टीम हिसार-टोहाना रोड पर गांव समैण के पास गश्त पर तैनात थी।

संदिग्ध अवस्था में घूम रहा युवक गांजे सहित दबोचा

फतेहाबाद। नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए सीआईए टोहाना पुलिस ने एक युवक को एक किलो 503 ग्राम गांजा सहित रंगे हाथों काबू किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान विजय कुमार साह पुत्र सत्यनारायण साह, निवासी गांव महादेवा, जिला मधुबनी, बिहार के रूप में हुई है। वह अब राजनगर टोहाना में रहता है। सीआईए टोहाना प्रभारी उप निरीक्षक अजय कुमार ने बताया कि एएसआई जतिन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त के दौरान रेलवे ओवरब्रिज से अनाज मंडी रोड की ओर जा रही थी। इसी दौरान अनाज मंडी रोड पर पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सामने एक युवक हाथ में सफेद रंग की पॉलीथिन लिए खड़ा दिखाई दिया।

झलनिया पीएचसी में चलाया योगाभ्यास कार्यक्रम

फतेहाबाद। आयुष विभाग की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, झलनिया में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के समस्त स्टाफ व आशा वर्करों को योग का अभ्यास करवाया गया। आयुष योग सहायक जन्नत कुमार व पवन कड़वासरा ने उपस्थित कर्मचारियों को योग के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पहला सुख निरोगी काया अर्थात जीवन में सबसे बड़ा सुख स्वस्थ शरीर है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर होने पर ही व्यक्ति अपने दैनिक कार्यों को सुचारू रूप से कर सकता है। यदि शरीर स्वस्थ नहीं है, तो व्यक्ति को अन्य कार्य करने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए और नियमित रूप से योगाभ्यास करना चाहिए।

वेयरहाउस कॉरपोरेशन के चेयरमैन ने मंडी में किया निरीक्षण

मिलर्स की समस्याओं से संबंधित मुद्दे सीएम के सामने उठाएंगें : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭| भूना

हरियाणा वेयरहाउस कॉरपोरेशन के चेयरमैन रामकुमार शर्मा ने भूना की अनाज मंडी का औचक निरीक्षण कर धान खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों, आढ़तियों और राइस मिलर्स से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि धान खरीद में आ रही दिक्कतों, मंडी में जगह की कमी और मिलर्स को हो रहे नुकसान से जुड़े मुद्दे मुख्यमंत्री के समक्ष उठाए जाएंगे। चेयरमैन रामकुमार शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री हरियाणा के प्रत्येक वर्ग की समस्याओं को लेकर गंभीर हैं और जनता के हित में दिन-रात काम कर रहे हैं। धान खरीद के दौरान किसानों और व्यापारियों को जिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, उनके समाधान के लिए सरकार के सामने तथ्य रखे जाएंगे। उन्होंने कहा कि मिलर्स के हितों को भी ध्यान में रखा जाएगा, ताकि धान की मिलिंग के दौरान उन्हें आर्थिक नुकसान न उठाना पड़े। मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन कैलाश बंसल के प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए रामकुमार शर्मा ने कहा कि भूना अनाज मंडी में जगह की कमी के कारण धान खरीद और भंडारण को लेकर परेशानी होती है। मंडी के विस्तार की जरूरत से मुख्यमंत्री को अवगत करवाकर इस दिशा में प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हाइब्रिड धान की मिलिंग में चावल की रिकवरी को लेकर मिलर्स की समस्या भी सामने आई है। मिलर्स की मांग है कि हाइब्रिड धान के मामले में 67 किलो के बजाय 65 किलो चावल देने के मानक पर विचार किया जाए। उनका कहना है कि इस किस्म के धान में चावल टूटने की मात्रा अधिक होने के कारण मिलर्स को नुकसान उठाना पड़ता है। इस वजह से खरीद प्रक्रिया में भी दिक्कतें सामने आ रही हैं। चेयरमैन ने कहा कि इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री से बातचीत कर समाधान का रास्ता तलाशने का प्रयास करेंगे।



भूना। हरियाणा वेयरहाउस कॉरपोरेशन के चेयरमैन रामकुमार शर्मा का स्वागत करते हुए व्यापारी। *फोटो: हरिभूमि*

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर वेयरहाउस डीएम हरीश कुमार सिंह,भूना इंचार्ज संदीप कुमार कुंडू, व्यापारी श्यामलाल बंसल, आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान सतपाल सिंगला, विनोद गोयल, नंदलाल कंबोज, बलजीत सोनी, अरुण सेठी, बजरंग शर्मा, विक्रम शर्मा और फकीर चंद मित्तल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

महाराजा अग्रसेन जयंती को राष्ट्रीय पर्व घोषित किया जाए: बजरंग गर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭| सिरसा

श्री अग्रवाल ट्रस्ट द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रसेन पार्क में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने शिरकत की। कार्यक्रम में वैश्य समाज के प्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया।

महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह को संबोधित करने के उपरांत पत्रकार वार्ता में बजरंग गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती को राष्ट्रीय पर्व घोषित किया जाए। महाराजा अग्रसेन केवल वैश्य समाज के ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। महाराजा अग्रसेन जी ने शासनकाल में समानता, भाईचारे, सेवा, सहयोग और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को आगे बढ़ाने की भावना को मजबूत किया है। बजरंग गर्ग ने कहा कि आज देश को भी महाराजा अग्रसेन जी के सिद्धांतों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। यदि समाज के सक्षम लोग जरूरतमंद परिवारों की शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और आर्थिक सहायता के लिए आगे आएं तो देश में सामाजिक एवं आर्थिक असमानता को काफी हद तक कम किया जा सकता है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सिरसा क्षेत्र के विकास के लिए सरकार को महाराजा अग्रसेन के नाम पर स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान की स्थापना करनी चाहिए। सिरसा सहित पूरे पश्चिमी हरियाणा के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है।



सिरसा। पत्रकारों से बातचीत करते बजरंग गर्ग।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर श्री अग्रवाल ट्रस्ट के प्रधान पुरुषोत्तम गोयल, अग्रोहा धाम के प्रांतीय अध्यक्ष अंजनी कनोडिया, अग्रोहा धाम सिरसा प्रधान अनिल सर्राफ, संयोजक कीर्ति गर्ग, भीम सिंगला, व्यापार मंडल सिरसा जिला प्रधान हीरालाल शर्मा, व्यापार मंडल युवा प्रधान हेमंत गुप्ता, सतीश मित्तल, सूरजभान बंसल, अशोक बंसल आदि मौजूद रहे।

रतिया में राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता 15 से 1000 से अधिक खिलाड़ी लेंगे भाग

रतिया। खेल प्रतिभाओं को तराशने और भारत की पारंपरिक युद्ध कला को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के उद्देश्य से रतिया शहर को उप-कनिष्ठ एवं कनिष्ठ राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता की मेजबानी सौंपी गई है। तीन दिवसीय यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता आगामी 15, 16 और 17 अक्टूबर को गुरु नानक रक्षा एवं खेल अकादमी में आयोजित की जाएगी। गतका महासंघ भारत के तत्वावधान में इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन गतका संघ हरियाणा द्वारा किया जा रहा है। गतका एसोसिएशन ऑफ हरियाणा के चेयरमैन स्वर्ण सिंह ने बताया कि इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में देश के 25 राज्यों से 1000 से अधिक प्रतिभावान खिलाड़ी भाग लेंगे।

खालसा कॉलेज के स्वयंसेवकों ने चलाया प्लास्टिक मुक्त जागरूकता अभियान

रतिया। खालसा त्रिशताब्दी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत प्लास्टिक मुक्त जागरूकता अभियान एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के पूरे मैदान की सफाई की तथा प्लास्टिक कचरे को एकत्रित किया। कार्यकारी प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र सभरवाल ने विद्यार्थियों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस यूनिट-द्वद्व की प्रोग्राम अधिकारी प्रो. सिमरन के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने तथा समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रोत्साहित किया।



सेवा संकल्प अभियान के तहत स्कूल में हुआ पौधरोपण कार्यक्रम

चोपटा। सेवा संकल्प अभियान के तहत गांव दड़ड़ा कलां स्थित राजकीय स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड के चेयरमैन रोहताश जांगड़ा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर जिला एवं मंडल उपाध्यक्ष निक्कू राम, मंडल उपाध्यक्ष वेदपाल सिंवर तथा डाइट डिंग से डॉ. दलीप सिंह गोदारा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन रोहताश जांगड़ा ने स्कूल के मुख्य अध्यापक राकेश कुमार, संस्कृत अध्यापक एवं क्लब इंचार्ज के साथ विभिन्न प्रकार के औषधीय और छायादार पौधे रोपित किए। विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण के महत्व के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। इसके उपरांत चेयरमैन रोहताश जांगड़ा ने स्कूल परिसर का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाए जा रहे मिड-डे मील की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने ऐसे कार्यक्रमों को विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित करने में सहायक बताया। इस कार्यक्रम में मुख्य अध्यापक राकेश कुमार, शिक्षक सुभाष चंद्र, हनुमान सिंह (डीपीई), बसंत वी. पारीक, राधाकृष्ण, सुभाष वी. स्वामी, शीशपाल, दिनेश कुमार, अमित कुमार, नरेश कुमार तथा रेखा रानी मौजूद रहे।

वेतन नहीं मिलने पर ट्रांसपोर्टर से तंग ट्राला चालक ने दी जान

हिसार। आर्य नगर में 38 वर्षीय ट्राला चालक कृष्ण ने ट्रांसपोर्टर से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। मृतक के भाई नरेश ने आरोप लगाया कि कृष्ण को पिछले 8-10 महीने से वेतन नहीं दिया जा रहा था। बकाया वेतन मांगने पर उसे नौकरी से निकालने की बात कही गई, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान था। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर ट्रांसपोर्टर नितिन मित्तल उर्फ सीटू के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। कृष्ण अपने पीछे पत्नी और पांच साल की बेटी छोड़ गया है। मृतक के भाई नरेश ने बताया कि कृष्ण लंबे समय से नितिन मित्तल के पास ट्राला चालक के रूप में काम कर रहा था। आरोप है कि पिछले करीब आठ-दस महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। घटना से पहले भी कृष्ण ने अपने बकाया वेतन को लेकर ट्रांसपोर्टर से बातचीत की थी। नरेश के अनुसार, इस दौरान ट्रांसपोर्टर ने उसे नौकरी से निकालने की बात कही। इससे कृष्ण और अधिक परेशान रहने लगा था। परिजनों के अनुसार, घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। बाद में जब कृष्ण का भाई घर पहुंचा तो उसने कृष्ण को कमरे में पंखे से लटका हुआ देखा। उसने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। इसके बाद कृष्ण को नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में रखवाया।

मुख्य चुनाव आयुक्त भाजपा एजेंट की तरह काम कर रहे



सिरसा। आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार भारतीय जनता पार्टी के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। अब तक पूरे देश में करीब 14 करोड़ लोगों के नाम वोटर लिस्ट से काटे जा चुके हैं। जहां भी चुनाव होते हैं, जानबूझकर असमंजस की स्थिति पैदा कर दी जाती है। डॉ. सुशील कुमार शुक्रवार को सिरसा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता के वोटों से नहीं, बल्कि चुनाव आयोग, सीबीआई और ईडी के दुरुपयोग से चुनाव जीतने की घटिया राजनीति करती है। पहले दिल्ली, फिर पश्चिम बंगाल, हरियाणा और अब पंजाब में यही हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर मुकदमा दर्ज कर उनका इस्तीफा लिया जाए। डॉ. गुप्ता ने कहा कि हरियाणा नशे के दलदल में धंस चुका है, जिनमें से 16 जिले गंभीर रूप से रेड जोन में हैं। राज्य में चि_ा, अफीम, गांजा, हेरोइन और सिंथेटिक ड्रग्स का कारोबार पूरी तरह सरकारी संरक्षण में फल-फूल रहा है। हाल ही में नारनौल जैसी जगहों पर पुलिसकर्मियों की संलिप्तता भी सामने आई है।

न्यूज डायरी



विधायक ने किया फतेहाबाद मंडी का निरीक्षण

फतेहाबाद। विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरविन्द शर्मा व अन्य पदाधिकारियों के साथ सिरसा रोड स्थित नई अनाजमंडी में धान खरीद कार्य का निरीक्षण किया तथा किसानों व व्यापारियों की समस्याओं को भी सुना। उन्होंने किसानों व व्यापारियों की समस्याओं को लेकर डीसी, संबंधित अधिकारियों व खरीद एजेंसी के अधिकारियों से बातचीत की तथा समाधान करने के निर्देश दिए। विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने कहा कि निरीक्षण के दौरान पाया गया कि धान उठान के नाम शैलर मालिक किसानों व मंडी व्यापारियों को नाजायज परेशान कर रहे हैं, वहीं पोर्टल पर किसानों को डाटा वेरिफाईड ना होने के कारण भी किसानों को बहुत परेशानी हो रही है। इसलिए सरकार व स्थानीय प्रशासन को तुरंत प्रभाव से इस समस्याओं को समाधान करना चाहिए।



एक लाख रुपये के लेनदेन में युवक पर हमला

फतेहाबाद। पैसों के लेनदेन को लेकर एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला करने, मोटरसाइकिलों में तोडफोड़ करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। काबू किए गए आरोपियों की पहचान दीपक कुमार उर्फ दीपू पुत्र पवन कुमार, सचिन उर्फ दुब्बू पुत्र प्रेम कुमार निवासी अशोक नगर फतेहाबाद, रवि कुमार पुत्र वीर सिंह व रवि उर्फ बच्ची पुत्र बबलू निवासी बलबीर भगत डेरा, अशोक नगर फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना प्रभारी उप-निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि अशोक नगर निवासी हैप्पी ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित के अनुसार, उसने एक व्यक्ति को एक लाख रुपये उधार दिए थे। जब उसने अपने पैसे वापस मांगे, तो उक्त व्यक्ति ने उसे बातचीत के लिए रेड टेप शोरूम के सामने बुलाया। शिकायतकर्ता 18 सितंबर की रात करीब 8:30 बजे अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा, जहां पहले से मौजूद लोगों के साथ पैसों को लेकर कहासुनी हो गई। पीड़ित का आरोप है कि बातचीत के दौरान आरोपियों ने लाठी-डंडों और पाइपों से उस पर जानलेवा हमला कर दिया। जान बचाकर जब वह भूना रोड स्थित ऑटो मार्केट की तरफ भागा, तो आरोपियों ने रास्ता रोककर दोबारा उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। इसके अलावा आरोपियों ने शोरूम के बाहर खड़ी मोटरसाइकिलों में तोडफोड़ की और जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी।



यूनियन ने रद्द पंजीकरण बहाल करने की मांग की

भूना। भवन निर्माण कामगार यूनियन जिला कमेटी की बैठक शहीद चंद्रशेखर आजाद भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान जगीर सिंह ने की तथा संचालन जिला सचिव ओमप्रकाश ने किया। बैठक में निर्माण मजदूरों की लंबित मांगों, श्रम कल्याण बोर्ड की ढुलमुल कार्यप्रणाली तथा फर्जी वेरिफिकेशन के नाम पर वास्तविक कामगारों को परेशान किए जाने के मुद्दे पर गहन चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन नेता ओमप्रकाश अनेजा व जिला प्रधान जगीर सिंह ने कहा कि वर्ष 2025 में आवेदन करने वाले बड़ी संख्या में पात्र मजदूरों के आवेदन आज भी लंबित पड़े हैं। यूनियन नेताओं ने कहा कि निर्माण और मनरेगा में काम करने वाले अधिकांश मजदूर दलित और पिछड़े वर्ग से आते हैं। सरकार केवल चुनाव के समय इन वर्गों को याद करती है, जबकि धरातल पर उनके हितों की अनदेखी की जा रही है। वेरिफिकेशन के नाम पर वास्तविक मजदूरों के पंजीकरण रद्द किए जा रहे हैं, जो लंबे समय से निर्माण कार्य में लगे हुए हैं। यूनियन ने मांग की है कि श्रम कल्याण बोर्ड का पोर्टल सुचारू रूप से चालू किया जाए। फर्जी वेरिफिकेशन बंद कर रद्द किए गए कामगारों के पंजीकरण तुरंत बहाल किए जाएं। वर्ष 2025 से लंबित सभी आवेदनों का शीघ्र निपटारा कर रोकी गई कल्याणकारी राशि खातों में जारी हो। शिक्षा, विवाह, मातृत्व लाभ, औजार, साइकिल व पेंशन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से दिया जाए। श्रम कल्याण बोर्ड की व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए और जिला स्तरीय कार्यों में मजदूर यूनियनों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए।

महिला पुलिसकर्मियों से कथित बदसलूकी पर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭| फतेहाबाद

भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा के नेतृत्व में कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला फूंका। कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के दौरान महिला पुलिसकर्मियों के साथ कथित बदसलूकी की घटना को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रोष व्यक्त किया और राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक राजनीतिक दल को शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन विरोध प्रदर्शन की आड़ में कानून व्यवस्था को चुनौती देना और ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार करना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान महिला पुलिसकर्मियों के साथ बदसलूकी की गई, जो अत्यंत निंदनीय है।



फतेहाबाद। राहुल गांधी का पुतला फूंकते भाजपा कार्यकर्ता।

राहुल गांधी को देश की महिलाओं व देश के लोगों से इस मामले में माफी मांगनी चाहिए। प्रवीन जोड़ा ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष होने के बावजूद वह गैरकानूनी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति से मर्यादित और जिम्मेदार आचरण की अपेक्षा की जाती है।

सीडीएलयू में हुई राज्यस्तरीय निबंध व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

सिरसा। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में राज्य स्तरीय निबंध लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता, वैचारिक क्षमता एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता का विषय भारतीय लोकतंत्र मुद्दे एवं चुनौतियां तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का विषय सतत विकासः संभावनाएं, रणनीतियां एवं चुनौतियां रहा। पोलिटिकल साइंस के अध्यक्ष प्रो. राजबीर दलाल ने बताया कि निबंध लेखन प्रतियोगिता में श्री गुरु हरी सिंह कॉलेज, जीवननगर की संदीप कौर ने प्रथम स्थान, सीडीएलयू के भूगोल विभाग के हनुमान ने दूसरा स्थान, श्री गुरु हरी सिंह कॉलेज, जीवननगर की पायल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सीडीएलयू के यूएसजीएस के अंतर्गत बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स विभाग के राहुल ने प्रथम स्थान, बीएससी बीएड आईटेप की निधि ने दूसरा स्थान तथा यूएसजीएस के बीकॉम के पांचवे सेमेस्टर की हर्षिता जैन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

एआईएलयू का राज्यस्तरीय सेमिनार, महिला अधिवक्ताओं को 5 लाख आर्थिक मदद की मांग

स्वतंत्र व निष्पक्ष न्यायपालिका लोकतंत्र की आधारशिला संविधान की रक्षा वकीलों की जिम्मेदारी : अशोक अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन, हरियाणा के सातवें राज्य सम्मेलन के अवसर पर बार रूम फतेहाबाद में 'वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति और न्यायपालिका की भूमिका' विषय पर राज्यस्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार को संबोधित करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय व सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता और एआईएलयू नेता अशोक अग्रवाल ने कहा कि एक स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक और जवाबदेह न्यायपालिका ही भारतीय लोकतंत्र की असली आधारशिला है।

संविधान की सर्वोच्चता, धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद और कानून के शासन की रक्षा करना अधिवक्ता समुदाय का ऐतिहासिक कर्तव्य है। वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए एडवोकेट अग्रवाल ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार सत्ता का अत्यधिक केंद्रीकरण कर रही है और संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया से भारत के मुख्य न्यायाधीश को बाहर किए जाने संबंधी 2023 के कानून की तीखी आलोचना की।

उन्होंने कहा कि इससे कार्यपालिका का अनुचित प्रभाव बढ़ा है, जबकि चुनाव आयोग की स्वतंत्रता और पारदर्शिता निष्पक्ष लोकतंत्र के लिए अति अनिवार्य है। उन्होंने महिला वकीलों को दो मातृत्व अवसरों पर 5-5 लाख की आर्थिक सहायता देने तथा बार एसोसिएशनों व बार काउंसिलों में दलित अधिवक्ताओं के लिए उचित आरक्षण और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का आह्वान किया।



फतेहाबाद। ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन के सम्मेलन में उपस्थित अधिवक्ता।

इतिहास से सीखकर सत्ता के दबाव से मुक्त रहे न्यायपालिका : राजविंदर चंदी

एआईएलयू के राज्य सह-सचिव एडवोकेट राजविंदर सिंह चंदी ने मतदाता सूचियों से नाम हटाए जाने संबंधी शिकायतों पर चिंता जताते हुए कहा कि न्यायपालिका को संवैधानिक अधिकारों से जुड़े मामलों में समयबद्ध और प्रभावी हस्तक्षेप करना चाहिए। वहीं एआईएलयू के राज्य सचिव एडवोकेट कुलदीप सिंह ने वकीलों से किसानों, मजदूरों, महिलाओं और कमजोर वर्गों की कानूनी लड़ाई लडने के लिए आगे आने का आह्वान किया। सेमिनार की संयुक्त अध्यक्षता एआईएलयू के राज्य उपाध्यक्ष चांदी राम पातड़, जिला अध्यक्ष एडवोकेट कमलेश वशिष्ठ तथा जिला बार एसोसिएशन फतेहाबाद के प्रधान सुभाष जांगू ने की, जबकि मंच संचालन बार सचिव शाहनवाज भट्टी ने किया। इस अवसर पर रतिया बार एसोसिएशन के प्रधान वेद कंबोज, फतेहाबाद बार के उपप्रधान प्रेम परमजीत, स्वागत समिति के चेयरमैन खजान सिंह, चंद्रभान ढाका, रामचंद्र सिवाच सहित बड़ी संख्या में प्रदेश भर से आए अधिवक्ता उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

कुम्हार धर्मशाला में प्रतिभा सम्मान समारोह आज

सिरसा। जिला कुम्हार सभा द्वारा समाज एवं जिले का गौरव बढ़ाने वाली प्रतिभाओं के सम्मान में 10 अक्तूबर को रानियां रोड स्थित कुम्हार धर्मशाला में विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। सभा के प्रधान कुंभाराम सिंहमार ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को बैठक कुम्हार धर्मशाला में हुई जिसमें कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम में अनूप कुमार प्रजापति, चेयरमैन, हरियाणा माटी कला बोर्ड, डॉ. मदनलाल ढुंढाडा, चेयरमैन, बाल कल्याण समिति, सिरसा व पूजा प्रजापति, एशियन गेम्स 2026, जापान में हाईजंप में कांस्य पदक विजेता व हॉकी में भारत को एशियन गेम्स में गोल्ड मैडल दिलाने वाले गांव संतनगर निवासी राजेंद्र कुमार को सम्मानित किया जाएगा।

महाराजा अग्रसेन जयंती पर लगेगा मेडिकल कैंप

सिरसा। श्री अग्रवाल परिवार सेवा ट्रस्ट सिरसा द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती पर 11 अक्टूबर को मेडिकल कैंप आयोजित किया जाएगा। ट्रस्ट के सचिव दीपक गोयल ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 10.30 बजे होगा। उन्होंने बताया कि कैंप में फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली की विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच की जाएगी। कैंप में कार्डियक, ऑर्थो, यूरोलॉजी, न्यूरो एवं स्पाइन सर्जरी के विशेषज्ञ चिकित्सक सेवाएं देंगे। गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यातिथि पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल होंगे।

अग्रवाल समाज कल मनाएगा अग्रसेन जयंती

रतिया। अग्रवाल सभा,रतिया द्वारा शरद नवरात्रि के शुभारंभ पर महाराजा अग्रसेन की जयंती 11 अक्टूबर रविवार को मेन बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में बड़े ही हर्षोल्लास,श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाई जाएगी। सभा के प्रधान प्रमोद बांसल ने बताया कि जयंती समारोह का शुभारंभ 11 अक्टूबर को प्रातः 8.30 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन-यज्ञ के साथ होगा। यज्ञ में समाज के प्रबुद्धजन, मातृशक्ति एवं युवा आहुतियां डालकर विश्व शांति, समाज की एकता और नगर की सुख-समृद्धि की मंगलकामना करेंगे। यज्ञ के उपरांत सभी श्रद्धालुओं में पवित्र प्रसाद वितरित किया जाएगा।

थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर 11 को

फतेहाबाद। पूर्ण सोसायटी द्वारा जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से फतेहाबाद शहर में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सोसायटी के प्रधान सन्नी बंसल ने बताया कि 11 अक्टूबर रविवार को प्रातः 10 से दोपहर 2 रतिया चुंगी रोड स्थित श्री अद्वैत स्वरूप विचार आश्रम मंदिर में संतों के पावन सानिध्य में यह रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व विधायक दुड़ाराम, जिला उपायुक्त डॉ. विवेक भारती व एसपी निकिता खट्टर शिरकत करेंगी। सन्नी बंसल ने रक्तदाताओं से आह्वान किया कि इस शिविर में बढ़चढ़ कर भाग लें ताकि बच्चों की मदद हो सके।

एसआईआर : 1182 लंबित मामलों की हुई सुनवाई

फतेहाबाद। जिला फतेहाबाद में 7 व 8 अक्टूबर को लगाए गए विशेष शिविरों व घर-घर सर्वे के दौरान 1182 लंबित मामलों की सुनवाई की गई। विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत नोटिस एवं सुनवाई से संबंधित मामलों के समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। नोटिस प्राप्त करने वाले मतदाताओं से निर्धारित तिथि पर सुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की गई है, ताकि उनके मामलों का समय पर निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। जिला फतेहाबाद में कुल 2707 सुनवाई मामले लंबित हैं जो कुल लंबित मामलों का प्रतिशत 2.57 प्रतिशत है। चुनाव आयोग द्वारा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को इनका शीघ्र निस्तारण करने, प्रभावी मॉनिटरिंग करने तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस की सुनवाई समय पर संपन्न करने के लिए 9 अक्टूबर को भी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर व घर-घर सर्वे के दौरान दस्तावेज प्राप्त किए गए हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8295154800, 9315429403, 9253681005

जागो संस्था ने पीएम और निर्वाचन आयोग को पत्र भेजा, कार्रवाई की मांग

दोहरे वोट बनवाने वालों पर कार्रवाई करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फर्जीवाड़े में सहयोग देने वालों की तुरंत पहचान कर दंडात्मक कार्रवाई करें

फतेहाबाद में दो हजार के दोहरे वोट मिले,9 हजार का पता नहीं चल रहा

जिले की मतदाता सूचियों को पारदर्शी बनाने के लिए चलाए गए एसआईआर अभियान में जागो संस्था ने फर्जीवाड़े का आरोप लगाया है। संस्था का आरोप है कि लोगों ने गलत जानकारियां देकर दोहरे वोट बनवाए हैं जिससे भारतीय लोकतंत्र को भारी आघात पहुंचा है। संस्था ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मुख्य चुनाव आयुक्त और राज्य चुनाव आयोग को पत्र भेजा है। संस्था ने चुनाव आयोग की इस पारदर्शी कार्रवाई की सराहना करते हुए मांग की है कि भविष्य में यह व्यवस्था निरंतर बनी रहे और मतदाता पंजीकरण में व्यापक सुधार किए जाएं। जागो संस्था ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि जानबूझकर गलत जानकारी देकर दोहरे वोट बनवाना सीधे तौर पर लोकतंत्र को भारी क्षति पहुंचाना है। फतेहाबाद जैसे छोटे जिले में लगभग 2 हजार लोगों के दोहरे वोट मिलना और 9 हजार लोगों का पते पर न मिलना अत्यंत गंभीर है। हैरानी का विषय यह है कि नाम कटने के बाद भी लोग अपना वोट दोबारा बनवाने की मांग लेकर आगे नहीं आ रहे हैं, जो इन वोटों के पूर्णतया अवैध होने का स्वतः प्रमाण है। संस्था ने मांग की है कि ऐसे लोगों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई हो। इसके अतिरिक्त, जिन सरकारी कर्मचारियों और चुने हुए जनप्रतिनिधियों ने इन अवैध वोटों को बनवाने में अनुचित सहायता की है, उन्हें भी चिह्नित कर उन पर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जनसांख्यिकीय बदलाव पर लगे तुरंत अंकुश

देश और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से हो रहे जनसांख्यिकीय बदलाव पर संस्था ने गहरी चिंता व्यक्त की है। पत्र में मांग की गई है कि मतदान का अधिकार केवल नागरिक के मूल निवास स्थान पर ही होना चाहिए। रोजगार अथवा कार्य की तलाश में अन्य राज्यों या जिलों से फतेहाबाद में आने वाले प्रवासियों का वोट स्थानीय स्तर पर बिल्कुल न बने। पूर्व में हरियाणा सरकार द्वारा स्थायी निवासी के लिए 10 वर्ष की अवधि निर्धारित की गई थी, जिसे घटाकर 5 वर्ष कर दिया गया है।

स्थानीय चुनावों में पारदर्शी सूची व मृत्यु उपरांत जवाबदेही तय हो

जिले में 18 हजार से अधिक मृतकों के नाम सूची में मिलना व्यवस्था की बड़ी खामी है, जिससे बूथ पर फर्जी मतदान का अंदेशा बना रहता है। संस्था ने सुझाव दिया है कि मृत्यु होने के बाद वोट कटवाने का उत्तरदायित्व परिवार के स्वजनों का तय किया जाए। इस प्रक्रिया में गांव की आंगनबाड़ी व आशा वर्करों को भी अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए, ताकि क्षेत्र में किसी की मृत्यु होते ही नाम मतदाता सूची से काटा जा सके। इसके साथ ही संस्था ने मांग की है कि पंचायती राज और नगर परिषद के चुनावों में भी यही पारदर्शी और संशोधित मतदाता सूची जारी की जाए। आगे से चुनाव के समय जल्दबाजी में वोट न बनाकर, पूर्ण नियमों और गहन सत्यापन के बाद ही पंजीकरण किया जाए।

आंकड़ों की नजर में एसआईआर अभियान

निर्वाचन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, अभियान के तहत जिले में कुल 50,567 अवैध व अनुपस्थिति वोट काटे गए हैं।

विधानसभा	क्षेत्रवार कटे वोट
फतेहाबाद	20,796
रतिया	17,863
टोहाना	11,909

किस श्रेणी में कितने वोट कटे

- मृत मतदाता 18,158
- स्थायी रूप से स्थानांतरित 21,109
- अनुपस्थित व पता न मिलने वाले 9,076
- दोहरी प्रविष्टि वाले 2,224

स्वामी ध्यानानंद महाराज के महानिर्वाण दिवस पर श्रद्धालुओं को दिया आध्यात्मिक संदेश

- देश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे संत-महापुरुषों ने सत्संग-प्रवचन और कीर्तन से संगत को किया निहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। विचार आश्रम मंदिर में आयोजित समारोह में पहुंचे संत-महात्मा।

श्री अद्वैत स्वरूप विचार आश्रम ट्रस्ट, फतेहाबाद में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री स्वामी ध्यानानंद महाराज के 37वें महानिर्वाण दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि समारोह एवं संत समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दरबार के संचालक संत विचार सेवानंद महाराज की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों से दरबार-ए-नंगली के ज्ञानवृद्ध, वीतराग एवं तत्ववेत्ता संत-महापुरुषों ने शिरकत की। संतों ने सत्संग, प्रवचन एवं कीर्तन के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दिया। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री अद्वैत स्वरूप विचार आश्रम ट्रस्ट, फतेहाबाद के सचिव स्वामी ध्यान प्रेमानंद पुरी ने कहा कि सार्थक एवं प्रभावी उपदेश वही होता है, जो केवल वाणी से नहीं, बल्कि व्यवहार से दिया जाता है। मनुष्य को अपने आचरण के माध्यम से दूसरों के सामने आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी विज्ञान प्रेमानंद पुरी ने कहा कि सेवा और सिमरन ही मानव जीवन का उद्देश्य है। मनुष्य को अपने जीवन में सेवा, भक्ति और सद्कर्मों को महत्व देना चाहिए। श्री निजतम प्रेम धाम, हरिद्वार से पहुंचे महामंडलेश्वर स्वामी शिव प्रेमानंद पुरी ने कहा कि हमें संत-महापुरुषों द्वारा बताए और अपनाए गए मार्ग पर चलते हुए अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए।

यातायात नियमों की पालना पुलिस के डर से नहीं, अपनी सुरक्षा के लिए करें: शमशेर सिंह



सिरसा। यातायात थाना प्रभारी शमशेर सिंह अपनी टीम के साथ रानियां थाना क्षेत्र के गांव जीवननगर स्थित न्यू इरा कॉलेज पहुंचे और विद्यार्थियों व कॉलेज स्टाफ को यातायात नियमों की जानकारी देकर सुरक्षित वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। इंस्पेक्टर शमशेर सिंह ने कहा कि सडक पर थोड़ी सी लापरवाही भी किसी की जिंदगी पर भारी पड़ सकती है। तेज रफ्तार से वाहन चलाना दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनता है। ऐसे हादसों में केवल वाहन चालक ही नहीं, बल्कि उनके परिवारों को भी लंबे समय तक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए प्रत्येक वाहन चालक को निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का इस्तेमाल अनिवार्य रूप से करना चाहिए। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने और किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन करने से बचना चाहिए।



भट्टूकलां। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कॉलेज प्राचार्य।

राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां की 40वीं खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

भट्टूकलां। राजकीय महाविद्यालय भट्टू कलां में आयोजित दो दिवसीय 40वीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता शुक्रवार को भीरी उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ संपन्न हो गई। प्रतियोगिता के अंतिम दिन विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर लड़कियों के वर्ग में अनुपमा और लडक़ों के वर्ग में देव कुमार को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। समापन समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। खेल प्रभारी लेफ्टिनेंट दीपक सिहाग ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन 1500 मीटर, 800 मीटर, 200 मीटर दौड़ और डिसकस थ्रो स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। महिला वर्ग की 1500 मीटर व 800 मीटर दौड़ में गायत्री ने प्रथम, पूनम ने द्वितीय तथा अनुपमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में अनुपमा ने पहले स्थान पर रही।

सफलता का कोई शॉट कट नहीं, जीवन में परिश्रम से ही सफलता : सविता पूनिया

- अमारा ग्रीन व श्रीमत सिटी सेंटर ने करवाई 5 किलोमीटर की दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। विजेताओं को सम्मानित करती पद्मश्री सविता पूनिया।

एशियन गेम चैंपियन बनी महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता पूनिया ने युवाओं से आह्वान किया कि वे सफलता के लिए जी तोड़ मेहनत करें। सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता। नियमित रूप से और दृढ़ इच्छा शक्ति से किए गए प्रयास कभी विफल नहीं होते। सविता पूनियां अमारा ग्रीन और श्रीमत सिटी सेंटर की ओर से शुक्रवार को आयोजित की गई फिट सिरसा रन के विजेताओं को सम्मानित करने से पूर्व उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि उनकी भी लंबी जर्नी रही है। उन्होंने वर्ष 2003 में खेलना शुरू किया था। उल्लेखनीय है कि गांव जोधकां की बेटी सविता पूनिया पदमश्री अवार्ड विजेता हैं। इस अवसर पर सविता पूनिया के पिता महेंद्र सिंह पूनिया ने कहा कि बच्चों को कभी भी अपने अभिभावकों का विश्वास नहीं तोडऩा चाहिए।

सरकार ने किसानों को कागजों और पोर्टल के चक्कर में उलझाया: सुनैना

- इनेलो नेत्री ने मंडियों में धान की खरीद का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। भूना अनाज मण्डी का दौरा करते इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला।

इनेलो की महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने शुक्रवार को फतेहाबाद जिले की भूना, नहला और भट्टू मंडी का दौरा कर धान की खरीद प्रबंधों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंडियों में पिछले कई दिनों से अपनी उपज बेचने का इंतजार कर रहे किसानों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को बेहद गंभीरता से सुना। मंडियों में व्याप्त बदइंतजमी को देखकर उन्होंने मौके पर ही मार्किट कमेटी सचिव को तलब किया और किसानों की फसल की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद कराने, तौल में तेजी लाने और उठान कार्य को तुरंत सुचारू करने की सख्त हिदायत दी। पत्रकारों व किसानों से बातचीत करते हुए सुनैना चौटाला ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश का हर वर्ग भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से बुरी तरह त्रस्त है।

हेरोइन तस्करी मामलों में मुख्य सप्लायर सहित दो और गिरफ्तार

फतेहाबाद। जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना भट्टू कलां और थाना शहर रतिया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीमों ने हेरोइन तस्करी के पुराने मामलों में कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए बैकवर्ड लिंकेज के आधार पर मुख्य सप्लायर सहित दो और आरोपियों को दबोच लिया है। पुलिस दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर आगामी पूछताछ करेगी। थाना भट्टू कलां प्रभारी निरीक्षक वीर सिंह ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल फतेहाबाद की टीम ने 10 अगस्त 2026 को बोदीवाली-गिलाखेड़ा रोड पर नाकाबंदी के दौरान एक आई-20 कार से रवि कुमार उर्फ धोलू निवासी बोदीवाली और रविन्द्र उर्फ आशु निवासी कुकड़ावाली को काबू कर उनके पास से कुल 79.23 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। मामले में जब जांच को आगे बढ़ाया गया, तो नशे की इस खेप के मुख्य सप्लायर का नाम सामने आया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य सप्लायर आकाश पुत्र बलबीर सिंह, निवासी टिब्बा कॉलोनी, रतिया को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरे मामले में, रतिया पुलिस ने 36.62 ग्राम हेरोइन बरामदगी के केस में कार्रवाई करते हुए तीसरे आरोपी बबलू निवासी गुरुनानक मोहल्ला, फतेहाबाद को काबू किया है। थाना प्रभारी उप-निरीक्षक प्रवीन कुमार ने बताया कि 6 अगस्त को पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कल्लर कॉलोनी, रतिया से सर्वजीत उर्फ सरबी को 36.62 ग्राम हेरोइन के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। मामले की गहनता से तफ्तीश करते हुए पुलिस अब इस रैकेट से जुड़े तीसरे आरोपी बबलू तक पहुंचने में कामयाब रही।

न्यूज डायरी



छह दशक से अधिक पुरानी रामलीला का आगाज

डबवाली। डबवाली की छह दशक से अधिक पुरानी रामलीला का वीरवार रात एसडीएम योगेश दिल्होर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और विधिवत पूजन कर शुभारंभ किया। एसडीएम योगेश दिल्होर ने अपने संबोधन में कहा कि रामलीला के पावन मंच पर पूजन करवाकर उन्हें बेहद खुशी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रभु ने उन्हें इस विशेष अवसर पर यहां बुलाया है और कुछ पल इस धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन के बीच बिताकर उन्हें अच्छा लगा। उन्होंने जय श्री राम का उद्घोष करते हुए रामलीला की भव्य तैयारियों की सराहना की और आयोजन को सफल बनाने में जुटे नाट्यशाला के सदस्यों के प्रयासों की प्रशंसा की। प्रधान रामकुमार गर्ग की अध्यक्षता में सभी कलाकारों ने जय श्री राम का जयघोष किया।

हरीश सेठी झिलमिल को मिला श्रेष्ठ कृति पुरस्कार



सिरसा। साहित्यकार एवं शिक्षक हरीश सेठी झिलमिल के प्रथम बाल कविता-संग्रह पहली उड़ान को हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकूला द्वारा वर्ष 2023 के श्रेष्ठ कृति पुरस्कार के चयनित किया गया है। अकादमी द्वारा घोषित परिणामों में पहली उड़ान का चयन बाल साहित्य श्रेणी के अंतर्गत किया गया है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गुडियाखेड़ा के प्राचार्य उमेद सिंह ढाका ने बताया कि हरीश सेठी झिलमिल को श्रेष्ठ कृति पुरस्कार के अंतर्गत चयनित उनकी इस कृति के लिए 31 हजार रुपए की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी उन्हें इसी बाल कविता-संग्रह पहली उड़ान के लिए हिंदी साहित्य प्रेरक संस्था, जींद द्वारा दयानंद स्मृति साहित्य रत्न स मान-2025, हिंदी बाल साहित्य शोध संस्थान,बनौली, दरभंगा (बिहार) तथा अन्य पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके है।

रामलीला मैदान में 12 दिसंबर को जुटेंगे कर्मचारी

फतेहाबाद। सर्व कर्मचारी संघ ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तथा उच्चतम न्यायालय के आदेशों का हवाला देते हुए प्रदेश के सभी सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों, पंचायती राज संस्थाओं व गेस्ट टीचरों सहित सभी कच्चे कर्मचारियों को तुरंत पक्का करने की मांग की है। कर्मचारियों को नियमित करने की मांग को लेकर संघ तीन चरणों में सघन अभियान चलाएगा। इसी कड़ी में आगामी 12 दिसंबर को अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय रैली में हजारों कर्मचारी हिस्सा लेंगे।

हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग की उपाध्यक्ष ने सुनीं शिकायतें

शिकायतों की जांच में देरी न करें अधिकारी: रेणु डाबला

आयोग के समक्ष 19 शिकायतें रखी गई, तुरंत कार्रवाई निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। शिकायतें सुनती हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग की वाइस चेयरपर्सन रेणु डाबला। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग की वाइस चेयरपर्सन रेणु डाबला ने शुक्रवार को लघुसचिवालय में अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित शिकायतों पर सुनवाई की। आयोग के समक्ष 19 शिकायतें रखी गई जिनमें से आठ शिकायतों की सुनवाई अब आयोग के मुख्यालय में की जाएगी, जबकि सात शिकायतों का मौके पर समाधान कर दिया गया तथा चार शिकायतों में दोनों पक्ष हाजिर नहीं थे, इसलिए उनकी सुनवाई आगामी बैठक तक टाल दी गई है। बैठक में उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन, सीटीएम अजय कुमार, डीएसपी राजवीर, डीएसपी ललित कुमार, जिला कल्याण अधिकारी राकेश, रत्नलाल बामणिया, सुरेंद्र आर्य, सुमन शर्मा, अंबर मेहता आदि मौजूद रहे। दोनों पक्षों को सुनने के बाद तीन शिकायतों में पुलिस प्रशासन को पुनः जांच के निर्देश दिए गए। जबकि सामान्य प्रशासन से जुड़ी कुछ शिकायतों में जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। आयोग की उपाध्यक्षा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो शिकायतें उन्हें प्राप्त होती है, उनकी जांच में किसी प्रकार विलंब न हो और जांच में सभी पक्षों को शामिल किया जाए।

मुआवजा देने का प्रावधान : उपाध्यक्ष

उपाध्यक्षा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आयोग में अनुसूचित जाति से संबंधित मामलों की सुनवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि आयोग में शिकायत आने के बाद उसकी कई स्तर पर जांच की जाती है, यदि कोई पक्ष संतुष्ट नहीं है तो उसे दोबारा से सूचना जाती है। उन्होंने बताया कि जिन मामलों में मुआवजा दिया जाना होता है, उसके लिए भी समय सीमा तय है और उसी के अनुसार समय पर सभी कार्यवाही करनी जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में आर्थिक सहायता दी जानी होती है, उन मामलों में जल्द कार्यवाही के आयोग निर्देश पहले भी दे चुका है। यदि आर्थिक सहायता मिलने या सुनवाई में किसी प्रकार की दिक्कत आ रही है तो वह आयोग को लिख सकता है। आयोग हमेशा सुनवाई के लिए तैयार रहता है। पीड़ित की समस्या का जल्द से जल्द समाधान हो और उसे पूर्ण न्याय मिले यह आयोग की प्राथमिकता में शामिल है।